# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : bsea.bihar.gov.in, ई-मेल : bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 04/09/2021

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/नि० 1-07/2021 ..1320... चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित/ विघटित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1 में अंकित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों, जिनके निर्वाचन देय हैं या जो अधिक्रमित/ विघटित हैं, या जिनकी कलावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

3. अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा- 4 एवं बिहार सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा-14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-3** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक-1** में अंकित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु दिनांक **06.10.2021 (बुधवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या 1169 दिनांक 09.08.2021 एवं पत्रांक 1218 दिनांक 13.08.2021 द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि 31.07.2021 निर्धारित की गई है एवं तद्नुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 03.09.2021 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जाना निर्धारित है।

4. बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा- 14 में किये गए संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा-

i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव आदि पद सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छः पद आरक्षित होंगे।

ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) पद, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) पद और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) पद आरक्षित किये जायेंगे।

iii) उपर्युक्त आरक्षित पदों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल पदों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद रिक्त रहेंगे।

v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, पद उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद रिक्त रहेंगे।

vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष पद बच जाते हैं, उन पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, पद महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन पदों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेंगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद रिक्त रहेंगे।

vii) जिन समितियों में निर्वाचित होने वाले पदों की संख्या 12 (बारह) से कम होंगी, उनमें निबंधक, सहयोग समितियाँ के पत्रांक 4992 दिनांक 01.11.2013 के आलोक में पदों की संख्या 12 मानकर एवं तद्नुसार ऊपर वर्णित आरक्षण के प्रावधानों को लागू कर निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा।

5. निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए संलग्न **प्रपत्र**- ई० 1 में आवश्यक प्रविष्टियाँ अंकित कर सूचना **दिनांक 08.09.2021 (बुधवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

6. जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र- ई० 3** (नए प्रकाशित निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका में उल्लिखित) में विधिमान्यत: नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र**- ई० 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को **फैक्स (0162-2231562)** अथवा **ई-मेल (bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

7. **निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार के वेबसाईट- http//bsea.bihar.gov.in पर ऑनलाईन के माध्यम से विभिन्न अवधियों में निम्न सूचनाओं को प्रविष्ट किया जाना तथा अंतिम मतदाता सूची को अपलोड किया जाना अनिवार्य है। यदि निम्न सूचनाओं की प्रविष्ट नहीं की जायगी, तो प्राधिकार इसे काफी गंभीरता से लेगा:-**

| क0 | सूचना प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने का समय | प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने वाली सूचना |
|---|---|---|
| i. | सूचना के प्रकाशन की तिथि के तुरंत पश्चात् | ई0-1 में सूचना का प्रकाशन किया गया अथवा नहीं (हॉ अथवा नहीं में), की सूचना को प्रविष्ट करना है। |

| | | |
|---|---|---|
| ii. | संवीक्षा की तिथि के तुरंत पश्चात | निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या, को प्रविष्ट करना है। |
| iii. | मतदान के दिन विभिन्न अवधियों में | मतदाताओं द्वारा दिये गये मतों की संख्या (मतदान प्रतिशत की गणना सर्वर द्वारा स्वतः ही कर लिया जायेगा), को प्रविष्ट करना है। |
| iv. | मतदान के तुरंत पश्चात् अथवा दो दिनों के अंदर | सविरोध/ निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूचना (प्रपत्र ई0 18 से संबंधित), को प्रविष्ट करना एवं तदोपरांत डाउनलोड Pdf का Black and White mode में स्कैन कर निर्वाचन पदाधिकारी के हस्ताक्षर के साथ प्राधिकार के ई-मेल bseapatna@gmail.com पर भेजना है। |
| v. | मतगणना के तुरंत पश्चात् एक सप्ताह के अंदर | पब्लिक डोमेन में सुरक्षित रखने हेतु अद्यतनीकरण के पश्चात् की अंतिम मतदाता सूची (जिस पर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर अनिवार्य है) को प्राधिकार के पत्र-469 दिनांक 25.02.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप स्कैन कर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करना है। |

8. प्रपत्र ई0-1 में सूचना के प्रकाशन की प्रविष्टि प्राधिकार के वेबसाईट पर निर्धारित समय पर नहीं किये जाने की स्थिति में प्राधिकार उक्त समिति का निर्वाचन स्थगित कर देगा। संवीक्षा की तिथि के तुरंत पश्चात् निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या की प्रविष्टि नहीं किये जाने की स्थिति में भी उक्त कार्य के लिए निर्धारित तिथि के तीन दिनों के पश्चात् संबंधित समिति का चुनाव प्राधिकार द्वारा स्थगित कर दिया जायेगा। यदि उक्त ऑनलाईन सूचनाओं के अभाव में संबंधित समिति का चुनाव स्थगित किये जाने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसके लिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी जवाबदेह होंगे और इसके लिए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा उनके प्रशासी विभाग से की जायगी।

9. निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) को प्राधिकार के वेबसाइट पर एक सप्ताह के अंदर अपलोड किया जाना है। इससे संबंधित प्राधिकार के पत्रांक 469 दिनांक 25.02.2021 एवं पत्रांक 530 दिनांक 03.03.2021 तथा इस पत्र के साथ संलग्न दिशा-निर्देश सभी पदाधिकारियों को पूर्व में भी संसूचित किया जा चुका है। ये पत्र प्राधिकार के वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

10. कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के दृष्टिकोण से प्राधिकार के पत्रांक 1442 दिनांक 02.07.2020 द्वारा 700 मतदाताओं के बजाय 450 मतदाताओं पर मतदान केन्द्र बनाने का निर्णय किया गया है। उक्त आदेश के आलोक में अतिरिक्त मतदान केन्द्रों का निर्धारण तुरन्त कर लेना है। यह भी स्पष्ट किया जा चुका है कि अतिरिक्त बनाए गए मतदान केन्द्रों के लिए समिति को कोई अतिरिक्त निर्वाचन शुल्क नहीं देना होगा। इस पर होने वाले व्यय का वहन प्राधिकार द्वारा किया जायेगा। मतदान के समय भीड़-भाड़ से बचने हेतु मतदान का समय भी विस्तारित करके 06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक किया गया है। इस संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 1442 दिनांक 02.07.2020 द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश दिया गया है।

11. समिति के चुनाव क्षेत्र के किसी भी हिस्से को दिनांक 08.09.2021 के बाद यदि कंटेन्मेंट जोन घोषित किया जाता है या पूर्व से घोषित कंटेन्मेंट जोन की अवधि दिनांक 08.09.2021 के बाद समाप्त हो रही हो, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित समिति के चुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर देंगे एवं इसकी घटनोत्तर स्वीकृति प्राधिकार से प्राप्त करेंगे। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के दृष्टिकोण से या किसी अन्य कारण से भी किसी समिति के चुनाव को स्थगित करने की स्थिति बनती है, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को इसकी अनुशंसा कर अनुमोदन प्राप्त करेंगे। यदि पूर्व से घोषित मतदान केन्द्र कंटेन्मेंट जोन के अन्तर्गत आ जाते हैं, तो निर्वाचन पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अनुमोदन से मतदान केन्द्र बदल देंगे और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

12. कोरोना वायरस का प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर कोरोना संक्रमण से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये अद्यतन निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का ध्यान रखेंगे तथा यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे कि मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो एवं सामाजिक दूरी बनी रहे। पंक्तिबद्ध होने की स्थिति में एक-दूसरे के बीच मानक दूरी बनाये रखा जाय तथा मतदाताओं के हाथ को हैंड सेनिटाईजर/ साबुन पानी से साफ किये जाने आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। मतदान केन्द्र पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए संलग्न परिशिष्ट में अंकित व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की जाएगी। हैंड सेनिटाईजेशन/ साबुन पानी से हाथ साफ कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी एक अतिरिक्त कर्मी की व्यवस्था करेंगे, जिसके भुगतान के लिए प्राधिकार द्वारा राशि का आवंटन किया जाएगा।

अनुलग्नक: यथोक्त।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव

ज्ञापांक : 1320 पटना/ दिनांक 04/09/2021

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव

ज्ञापांक : 1320 पटना/ दिनांक 04/09/2021

प्रतिलिपि: संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियाँ अपने स्तर से भी ससमय संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

3. संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को निदेशित किया जाता है कि प्राधिकार के पत्रांक-8933 दिनांक-15.06.2012 द्वारा प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों के निर्वाचन संचालन हेतु निर्गत आवश्यक अनुदेश का अनुसरण आवश्यक संशोधनों के साथ Mutatis Mutandis) करेंगे। यह अनुदेश प्राधिकार के वेबसाईट http://bsea.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। विहित प्रपत्रों की प्रति सहकारी समितियों के **निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका** में उपलब्ध है।

सचिव

ज्ञापांक : 1320 पटना/ दिनांक 04/09/2021

प्रतिलिपि- प्रबंध निदेशक, कम्फेड, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, कोसी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गौरवगढ़, वार्ड नं०-4, किशनपुर रोड, पोस्ट+जिला- सुपौल, पिन नं०-852131/ प्रबंध निदेशक, मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गया डेयरी, कटारी हील रोड, गया- 823001/ प्रबंध निदेशक, मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पोस्ट- हरपुर एलौथ, जिला- समस्तीपुर- 848101/ प्रबंध निदेशक, विक्रमशीला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, मायागंज, हॉस्पीटल रोड, भागलपुर- 812001/ प्रबंध निदेशक, तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, मुजफ्फरपुर डेयरी, पोस्ट-कलवारी, मुजफ्फरपुर-843108/ प्रबंध निदेशक, देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बरौनी, पिन नं०- 85112, जिला- बेगूसराय/ प्रबंध निदेशक, वैशाल पाटलीपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, फुलवारीशरीफ, पटना- 801505 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. संबंधित दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक से अनुरोध है कि वे दुग्ध समिति की उपविधियाँ दिनांक 07.09.2021 (मंगलवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियों के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1320 पटना/ दिनांक 04/09/2021

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1320 पटना/ दिनांक 04/09/2021

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/ प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 1320 पटना/ दिनांक 04/09/2021

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ विशष कार्य पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः–

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बक्सर | चौगाई | बनजरिया | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 2 | बक्सर | चौसा | तिवाय | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 3 | बक्सर | चौसा | पिठारी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 4 | बक्सर | चौसा | गोसाईपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 5 | बक्सर | ब्रह्मपुर | बंशवार | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 6 | बक्सर | ब्रह्मपुर | घंरौली | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 7 | बक्सर | ब्रह्मपुर | पोखराहाँ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 8 | बक्सर | ब्रह्मपुर | राजपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 9 | बक्सर | ब्रह्मपुर | गरहथा कला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 10 | बक्सर | सिमरी | दियामान | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 11 | बक्सर | सिमरी | नागपुरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 12 | कैमूर | भभुऑ | मोकरी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 13 | कैमूर | रामगढ़ | डहरक | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 14 | कैमूर | रामगढ़ | लसड़ा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 15 | कैमूर | रामगढ़ | सिझुऑ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 16 | कैमूर | रामगढ़ | सहुका | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 17 | कैमूर | रामगढ़ | इसरी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 18 | भोजपुर | शाहपुर | रामदतहीं | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 19 | भोजपुर | बड़हरा | सिरिसियाँ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 20 | भोजपुर | बड़हरा | नेकनामटोला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 21 | भोजपुर | बड़हरा | पदमनिया | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 22 | भोजपुर | बड़हरा | सेमरियाँ पडरियाँ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 23 | भोजपुर | बड़हरा | केशोपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 24 | भोजपुर | कोईलवर | अम्मा नरवीरपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 25 | भोजपुर | कोईलवर | मथुरापुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 26 | भोजपुर | कोईलवर | बीरमपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 27 | भोजपुर | कोईलवर | डुमरियाँ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 28 | भोजपुर | कोईलवर | गीधा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 29 | भोजपुर | कोईलवर | लोदीपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 30 | भोजपुर | कोईलवर | छोटा चन्दा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 31 | भोजपुर | कोईलवर | चाँदी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 32 | भोजपुर | संदेश | चेला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 33 | भोजपुर | संदेश | खण्डोल | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 34 | भोजपुर | संदेश | बरतियर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 35 | भोजपुर | संदेश | बारा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 36 | भोजपुर | संदेश | महिला फुलाड़ी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूची:-

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 37 | भोजपुर | अगिआँव | अहिले | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 38 | भोजपुर | अगिआँव | पोसवाँ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 39 | भोजपुर | अगिआँव | पहरपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 40 | भोजपुर | अगिआँव | ताराचक | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 41 | भोजपुर | आरा सदर | दुरौधां | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 42 | भोजपुर | आरा सदर | सिन्धीतला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 43 | भोजपुर | गड़हनी | देवढ़ी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 44 | भोजपुर | गड़हनी | रमडीहरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 45 | भोजपुर | गड़हनी | सोहरी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 46 | भोजपुर | गड़हनी | बहादुरपुर टोला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 47 | भोजपुर | गड़हनी | रतनपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 48 | भोजपुर | गड़हनी | काउप | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 49 | रोहतास | करहगर | बड़हरी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 50 | रोहतास | कोचस | बाबु के बहुआरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 51 | रोहतास | कोचस | अगस्सी डिहरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 52 | रोहतास | दिनारा | बराढ़ा एस०के० | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 53 | रोहतास | दिनारा | नदौंआ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 54 | रोहतास | दिनारा | भानपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 55 | रोहतास | दिनारा | मउडिहरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 56 | रोहतास | सूर्यपुरा | खदरा टोला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 57 | रोहतास | सूर्यपुरा | डवरिया | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 58 | रोहतास | सूर्यपुरा | अंगरेड कला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 59 | रोहतास | चेनारी | करमा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 60 | सहरसा | सिमरी बख्तियारपुर | घोघसम | कोसी दुग्ध संघ, सुपौल |
| 61 | जहानाबाद | मखदुमपुर | नवगढ | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 62 | जहानाबाद | मखदुमपुर | तिलकई | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 63 | औरंगाबाद | हसपुरा | मौआरी | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 64 | औरंगाबाद | ओबरा | बन्धु विगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 65 | औरंगाबाद | ओबरा | गौरी | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 66 | औरंगाबाद | ओबरा | कझवां | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 67 | औरंगाबाद | ओबरा | तारा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 68 | औरंगाबाद | ओबरा | मलवां डिहुरी | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 69 | गया | इमामगंज | गड़ेरिया | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 70 | गया | इमामगंज | चुआवार | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 71 | गया | इमामगंज | बसुरा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 72 | गया | परैया | विशुनपुर | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूची:-

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 73 | मधुबनी | बेनीपट्टी | सुरसरपट्टी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 74 | मधुबनी | बेनीपट्टी | बलिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 75 | मधुबनी | बिस्फी | कमलाबारी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 76 | मधुबनी | बिस्फी | सिसई | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 77 | मधुबनी | बिस्फी | केशवाटोल | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 78 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | जितवरिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 79 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | महतोटोल | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 80 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | शम्भुराम टोक | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 81 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | गरौती | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 82 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | सिमरी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 83 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | आदर्श | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 84 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | निस्फटोल | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 85 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | रतनपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 86 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | मधुवन | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 87 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | रामभद्रपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 88 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | कपूरपट्टी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 89 | समस्तीपुर | मोहिउद्दीननगर | दुबहा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 90 | समस्तीपुर | मोहिउद्दीननगर | महथु | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 91 | समस्तीपुर | मोहिउद्दीननगर | आनन्दगोलवा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 92 | समस्तीपुर | मोहउद्दीननगर | रहेपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 93 | समस्तीपुर | मोहनपुर | शाहपुरबरांट | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 94 | समस्तीपुर | मोहनपुर | माधोपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 95 | समस्तीपुर | मोरवा | मोरवा रायटोल | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 96 | समस्तीपुर | मोरवा | बेला आनन्दपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 97 | समस्तीपुर | मोरवा | मिर्जापुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 98 | समस्तीपुर | मोरवा | मौरा खुर्द | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 99 | समस्तीपुर | बिथान | खैराकोट | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 100 | समस्तीपुर | बिथान | जगमोहरा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 101 | समस्तीपुर | सिंघिया | नेउरीघाट | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 102 | समस्तीपुर | विद्यापति नगर | धनीरामपुर महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 103 | समस्तीपुर | विद्यापतिनगर | बंगराहा महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 104 | समस्तीपुर | विद्यापतिनगर | धनीरामपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 105 | समस्तीपुर | विद्यापतिनगर | मउ | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 106 | समस्तीपुर | पटोरी | भीड़ाटोल पश्चिम | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 107 | समस्तीपुर | पटोरी | चकरमन | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 108 | समस्तीपुर | पटोरी | जोड़पुरा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः–

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 109 | समस्तीपुर | पटोरी | प्यारेपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 110 | समस्तीपुर | पटोरी | बलहा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 111 | समस्तीपुर | सरायरंजन | गंगापुर महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 112 | समस्तीपुर | सरायरंजन | गंगसारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 113 | समस्तीपुर | सरायरंजन | रामचन्द्रपुर महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 114 | समस्तीपुर | वारिसनगर | माधोपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 115 | दरभंगा | कुशेश्वरस्थान | सनहौली | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 116 | दरभंगा | कुशेश्वरस्थान | बलहा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 117 | दरभंगा | कुशेश्वरस्थान | रामबारी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 118 | दरभंगा | बिरौल | पर्री | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 119 | दरभंगा | बिरौल | सोनवेहट | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 120 | दरभंगा | बिरौल | कमलपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 121 | दरभंगा | बिरौल | इटवाशिवनगर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 122 | दरभंगा | बिरौल | उसरी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 123 | दरभंगा | बिरौल | पटनिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 124 | दरभंगा | सिंघवारा | अस्थुआ | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 125 | दरभंगा | हनुमाननगर | पटोरी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 126 | दरभंगा | हनुमाननगर | डिहलाही | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 127 | दरभंगा | गौड़ाबौराम | निशिहारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 128 | दरभंगा | गौड़ाबौराम | तेनुआ | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 129 | बांका | शम्भुगंज | धर्मपुर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 130 | बांका | शम्भुगंज | विरनौधा | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 131 | बांका | फुल्लीडुमर | पथांय | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 132 | मुंगेर | बरियारपुर | कल्याणपुर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 133 | मुंगेर | सदर मुंगेर | सिरजुआ | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 134 | भागलपुर | इस्माईलपुर | मंधतटोला | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 135 | भागलपुर | कहलगॉव | भोलसर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 136 | भागलपुर | पीरपैंती | सिमाना चटैया | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 137 | भागलपुर | पीरपैंती | श्रीमंतपुर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 138 | भागलपुर | पीरपैंती | जिताईचक | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 139 | भागलपुर | पीरपैंती | लक्ष्मीपुर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 140 | भागलपुर | पीरपैंती | रामनगर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 141 | भागलपुर | सबौर | मसाढू | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 142 | भागलपुर | सुलतानगंज | कोलगामा | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 143 | जमुई | खैरा | अमेठिया टॉड | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 144 | मुजफ्फरपुर | बन्दरा | केवटसा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः-

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 145 | मुजफ्फरपुर | बन्दरा | नूनफारा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 146 | मुजफ्फरपुर | बन्दरा | सकरी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 147 | मुजफ्फरपुर | बन्दरा | छपड़ा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 148 | मुजफ्फरपुर | बन्दरा | सोमा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 149 | मुजफ्फरपुर | मीनापुर | चतुर्सी जीविका | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 150 | मुजफ्फरपुर | मीनापुर | मिल्की जीविका | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 151 | मुजफ्फरपुर | मीनापुर | नन्दना | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 152 | मुजफ्फरपुर | मीनापुर | लौतन महिला | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 153 | मुजफ्फरपुर | मीनापुर | मझौलिया | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 154 | मुजफ्फरपुर | मीनापुर | रतन | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 155 | मुजफ्फरपुर | औराई | सहिला बैजनाथ | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 156 | मुजफ्फरपुर | औराई | सहिला ऐराजी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 157 | मुजफ्फरपुर | औराई | बैरिया बनवासपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 158 | शिवहर | तरियानी | गंगा धर्मपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 159 | शिवहर | तरियानी | बराही | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 160 | पश्चिमी चम्पारण | मझौलिया | अवहर शेख | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 161 | पश्चिमी चम्पारण | नौतन | बैकुण्ठवा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 162 | पूवी चम्पारण | बनकटवा | अगरवा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 163 | पूवी चम्पारण | बनकटवा | पिपरा जितपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 164 | पूवी चम्पारण | बनकटवा | बेला जितपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 165 | पूवी चम्पारण | बनकटवा | गोला पकड़िया | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 166 | पूवी चम्पारण | बनकटवा | सुन्दरपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 167 | पूवी चम्पारण | मेहसी | कनकट्टी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 168 | पूवी चम्पारण | चिरैया | बेला आनन्दपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 169 | पूवी चम्पारण | चिरैया | बाबूटोला | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 170 | पूवी चम्पारण | हरसिद्धि | पिपरा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 171 | सीवान | रघुनाथपुर | रघुनाथपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 172 | सीवान | दरौली | कशिहारी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 173 | सीवान | दरौली | कुम्हटी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 174 | सीवान | दरौली | हरनाटार | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 175 | सीवान | दरौली | खैराटी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 176 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | बागमती | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 177 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | बतरौली | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 178 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | हाजीपुर बसंत | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 179 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | दशई | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 180 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | टिकौली | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः–

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 181 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | बघाड़ी दक्षिणी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 182 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | रामपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 183 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | रायपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 184 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | रूपौली | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 185 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | शिवम् | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 186 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | महादेव | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 187 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | शम्भुनगर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 188 | सीतामढ़ी | रून्नी सैदपुर | बेलाही निलकण्ठ | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 189 | सीतामढ़ी | रीगा | सिंघोरवा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 190 | सीतामढ़ी | रीगा | हनुमान नगर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 191 | सीतामढ़ी | सुप्पी | रामनगर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 192 | सीतामढ़ी | सुप्पी | ग्वारी टोला | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 193 | खगड़िया | चौथम | धुतौली | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 194 | खगड़िया | चौथम | पहाड़चक म० | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 195 | खगड़िया | अलौली | केहुना | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 196 | खगड़िया | अलौली | मिठिआ जीविका | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 197 | खगड़िया | अलौली | विकासशील जीविका | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 198 | खगड़िया | अलौली | अम्बा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 199 | खगड़िया | अलौली | बरूआ | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 200 | बेगूसराय | शाम्हो | चालीस | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 201 | बेगूसराय | शाम्हो | सोनवर्षा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 202 | बेगूसराय | बलिया | ताजपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 203 | बेगूसराय | बलिया | कसवा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 204 | बेगूसराय | बलिया | गोखलेनगर विशनपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 205 | बेगूसराय | बलिया | सादीपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 206 | बेगूसराय | बलिया | ग्राम हुसैना दियारा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 207 | बेगूसराय | बछवाड़ा | रजौली | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 208 | बेगूसराय | बछवाड़ा | टारा म० | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 209 | बेगूसराय | बछवाड़ा | चमथा गोपटोल | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 210 | बेगूसराय | बछवाड़ा | गरायगॉव म० | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 211 | बेगूसराय | बछवाड़ा | हरिपुर कैदराबाद | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 212 | बेगूसराय | बछवाड़ा | रसीदपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 213 | बेगूसराय | बछवाड़ा | बालुपर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 214 | बेगूसराय | बछवाड़ा | नारेपुर पश्चिमी | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 215 | बेगूसराय | बछवाड़ा | नारेपुर अयोध्या | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 216 | बेगूसराय | बछवाड़ा | धरमपुर (महिला) | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूची:-

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 217 | बेगूसराय | बछवाड़ा | रायसाहब टोल | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 218 | बेगूसराय | बछवाड़ा | मरॉची खुर्द | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 219 | बेगूसराय | बछवाड़ा | झमटिया दियारा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 220 | बेगूसराय | बछवाड़ा | रानी | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 221 | बेगूसराय | बेगूसराय | पनसल्ला | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 222 | बेगूसराय | बेगूसराय | कामाथान म0 | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 223 | बेगूसराय | बेगूसराय | शेरपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 224 | बेगूसराय | बेगूसराय | पश्चिमी वनद्वारा म0 | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 225 | बेगूसराय | बेगूसराय | लोदीडीह | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 226 | बेगूसराय | बेगूसराय | पूर्वी टोल | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 227 | बेगूसराय | बेगूसराय | बागवाड़ा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 228 | बेगूसराय | बेगूसराय | उलाव | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 229 | बेगूसराय | मंसूरचक | नैयपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 230 | बेगूसराय | मंसूरचक | समसा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 231 | बेगूसराय | मंसूरचक | जमालदीपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 232 | बेगूसराय | मंसूरचक | फरछीवन | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 233 | बेगूसराय | मंसूरचक | सलेमपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 234 | बेगूसराय | मंसूरचक | खराज | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 235 | बेगूसराय | मटिहानी | सैदपुर खालसा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 236 | बेगूसराय | मटिहानी | नागदह | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 237 | बेगूसराय | मटिहानी | सिरनियॉ विशनपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 238 | बेगूसराय | सा0 कमाल | डीहा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 239 | बेगूसराय | सा॰ कमाल | फतेहपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 240 | बेगूसराय | सा॰ कमाल | मंतुनरोई | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 241 | बेगूसराय | सा॰ कमाल | फुलमल्लिक | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 242 | बेगूसराय | छौड़ाही | सौथ छौड़ाही | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 243 | बेगूसराय | छौड़ाही | वरदाहा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 244 | बेगूसराय | तेघड़ा | किरतौल आलापुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 245 | बेगूसराय | तेघड़ा | नोनपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 246 | बेगूसराय | तेघड़ा | मधुरापुर कुशली म0 | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 247 | बेगूसराय | तेघड़ा | हसनपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 248 | बेगूसराय | तेघड़ा | मधुरापुर हनुमान | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 249 | बेगूसराय | तेघड़ा | खुँटन दियारा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 250 | पटना | मोकामा | पंचमहला | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 251 | पटना | मोकामा | बादपुर मालपुर | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |
| 252 | पटना | मोकामा | हेमजा | देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद दु0उ0स0स0लि0 |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूची:-

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 253 | पटना | मोकामा | शेरपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 254 | पटना | मोकामा | सुल्तानपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 255 | पटना | मोकामा | राजेशनगर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 256 | पटना | मोकामा | भुआलपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 257 | पटना | मोकामा | शिवनार | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 258 | पटना | पंडारक | बड़ड़ोपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 259 | पटना | पंडारक | छपेड़ातर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 260 | पटना | पंडारक | दरगाही टोल | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 261 | लखीसराय | बड़हिया | लक्ष्मीपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 262 | लखीसराय | बड़हिया | लोहरा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 263 | लखीसराय | सूर्यगढ़ा | रामपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 264 | शेखपुरा | बरबीघा | खलील मलीलचक | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 265 | पटना | बेल्छी | नया विगहा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 266 | पटना | मनेर | माधोपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 267 | पटना | मनेर | छितरौली | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 268 | पटना | दानापुर | शंकरपुर खास | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 269 | पटना | दानापुर | दाउदपुर शाहपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 270 | पटना | अथमलगोला | गिरधरचक | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 271 | सारण | एकमा | रसुलपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 272 | सारण | एकमा | फुचटी खुर्द | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 273 | सारण | बनियापुर | महिला कमता | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 274 | सारण | मढौरा | लेरूआ पूर्वी टोला | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 275 | सारण | दरियापुर | मगरपाल | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 276 | सारण | अमनौर | रसुलपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 277 | वैशाली | महुआ | गोरीगामा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 278 | वैशाली | महुआ | सिंघाड़ा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 279 | वैशाली | महनार | म० करनौती | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 280 | वैशाली | महनार | वासुदेवपुर चंदेल | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 281 | वैशाली | महनार | हसनपुर उत्तरी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 282 | वैशाली | भगवानपुर | चकाकु | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 283 | वैशाली | भगवानपुर | भगवानपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 284 | वैशाली | भगवानपुर | रहसा पश्चिमी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 285 | वैशाली | पातेपुर | टरवाँडीह | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 286 | वैशाली | पातेपुर | उदहिया | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 287 | वैशाली | पातेपुर | वि० गोविन्द | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 288 | वैशाली | पातेपुर | म० चपता | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |

# निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः—

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 289 | वैशाली | पातेपुर | खेसराही | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 290 | वैशाली | राघोपुर | राघोपुर करारी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 291 | वैशाली | राघोपुर | चाँदपुरा पूर्वी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 292 | वैशाली | राघोपुर | रामपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 293 | वैशाली | राघोपुर | मिरमपुर टोला | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 294 | वैशाली | राघोपुर | महिला पहाड़पुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 295 | वैशाली | देसरी | वभनगामा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 296 | वैशाली | गोरौल | पानापुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 297 | नालन्दा | कराय परशुराय | जियनचक | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 298 | नालन्दा | कराय परशुराय | गवासपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 299 | नालन्दा | रहुई | बरान्दी जीविका | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 300 | नालन्दा | रहुई | जगतनंदनपुर जीविका | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 301 | नालन्दा | रहुई | धमौली | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 302 | नालन्दा | चण्डी | हसनी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 303 | नालन्दा | चण्डी | रूखाईगढ़ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 304 | नालन्दा | चण्डी | महिला भगवानपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 305 | नालन्दा | नूरसराय | नारी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 306 | नालन्दा | नूरसराय | सरगाँव | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |

..................प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग

समिति लिमिटेड का निर्वाचन

प्रपत्र– ई०–**1**

## सूचना का प्रपत्र

जिला ................................, प्रखंड ................................के अन्तर्गत................................(समिति का नाम) के अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक........................को किया जाना है,

मैं.....................................................निर्वाचन पदाधिकारी एतद् द्वारा निम्नलिखित आम सूचना देता हूँ :-

(निर्वाचन पदाधिकारी का नाम)

### आम सूचना

(i) निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की संख्या 13 है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है :-

| पद | निर्वाचित किये जाने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| 1 | 2 |
| अध्यक्ष | 01 पद (अनारक्षित) |
| सदस्य | 12 पद |
| • अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 02 पद (आरक्षित) जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |
| • पिछड़ा वर्ग | 02 पद (आरक्षित) जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |
| • अति पिछड़ा वर्ग | 02 पद (आरक्षित) जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |
| • सामान्य वर्ग | 06 पद, जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |

(ii) अध्यक्ष के पद को छोड़कर आरक्षित एवं अनारक्षित सभी कोटियों में अलग-अलग पदों की कुल संख्या के 50% के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50% से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं पद सम्बन्धित कोटि की महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। किसी कोटि में महिला सदस्य नहीं रहने की स्थिति में ये पद रिक्त रहेंगे।

(iii) नामांकन पत्र अद्योहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय......................................... (स्थान का नाम) अथवा अपरिहार्य कारणों से उसे प्राप्त नहीं कर सकने की स्थिति में..........................................................(उप निर्वाचन पदाधिकारी का नाम) को .............................. .......................... (स्थान का नाम) पर दाखिल किया जा सकता है। नामांकन पत्र दिनांक ................................................ (नामांकन पत्र दाखिला की तिथि) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

(iv) नामांकन पत्र का प्रपत्र उपरोक्त पदाधिकारियों के कार्यालय से दिनांक................................से दिनांक..............................तक ....................बजे से...................बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

(v) नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक........................को.................................. (स्थान का नाम) पर 11 बजे पूर्वाह्न में प्रारंभ होगी एवं लगातार चलती रहेगी।

(vi) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक.....................................को अपराह्न ........... बजे के पूर्व तक ............................... (स्थान का नाम) पर दाखिल की जा सकती है।

*(vii) प्रपत्र-ई 6 तथा प्रपत्र- ई 7 जारी किये जाने के पश्चात् विधिमान्य अभ्यर्थियों को प्रतीक आवंटन किया जाएगा।

(viii) सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान दिनांक..........................................को निम्नांकित मतदान केन्द्र/ केन्द्रों पर 06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा:-

| मतदान केन्द्र संख्या | मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |

(ix) मतगणना दिनांक ..................................को .........................बजे से ................................................ (स्थान का नाम) में की जायेगी। सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को मतगणना केन्द्र के स्थान की सूचना ससमय उपलब्ध करा दी जायेगी।

स्थान -

तिथि - निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर

---

*जो लागू न हों, उसे काट दें।

# निर्वाचन कार्यक्रम

| क्र० | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र- ई 1 में सूचना का प्रकाशन | 08.09.2021 (बुधवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 23.09.2021 (गुरूवार) एवं 24.09.2021 (शुक्रवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 25.09.2021 (शनिवार) एवं 27.09.2021 (सोमवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 29.09.2021 (बुधवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 06.10.2021 (बुधवार) 06:30 बे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 06.10.2021 (बुधवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्) |

## मतदान केन्द्र पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए की जाने वाली व्यवस्थाएँ:-

1. मतदान केन्द्र को मतदान के एक दिन पूर्व सेनेटाईज किया जाएगा। बैलेट बॉक्स एवं सेनिटाईज करने योग्य अन्य सामग्रियों को भी सेनिटाईज किया जाएगा।
2. मतदान केन्द्र पर कार्यरत मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए मास्क एवं डिस्पोज़ेबल ग्लब्स उपलब्ध कराये जाएँगे।
3. मतदान केन्द्र परिसर में मतदाता के प्रवेश के वक्त ही उनके हाथों को साबुन-पानी से धोने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए एक प्लास्टिक की बाल्टी, मग एवं साबुन की व्यवस्था की जाएगी।
4. मतदान केन्द्र परिसर में प्रवेश के वक्त प्रत्येक मतदाता की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी।
5. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक मतदाता मास्क अथवा गमछा या अन्य कपड़े से मुँह-नाक ढके हों। केवल मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने हेतु इसे हटाया जा सकेगा। उस वक्त भी मतदान केन्द्र में उपस्थित सभी व्यक्तियों से मतदाता को कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाए रखना जरूरी होगा।
6. मतदान केन्द्र पर लगने वाली कतार में सामाजिक दूरी का पालन हो सके, इसके लिए कम-से-कम एक मीटर की दूरी पर गोल घेरा बनाया जाएगा, जिसमें मतदाता खड़े होंगे।
7. मतदान हेतु कमरे में प्रवेश करते वक्त प्रत्येक मतदाता के हाथों को हैंड सेनिटाईजर से सेनिटाईज किया जाएगा।
8. वोटिंग स्टीक को पकड़ने के लिए टिश्यू पेपर की व्यवस्था की जाएगी। वोटिंग करने के पश्चात् मतदाता द्वारा इस्तेमाल की गई टिश्यू पेपर को डस्टबीन में डाल दिया जाएगा। इसे अन्यत्र नहीं फेंका जाएगा।
9. मतदान के पश्चात् कमरे से बाहर निकलने वाले मतदाताओं के हाथों को हैंड सेनिटाईजर से पुन: सेनिटाईज किया जाएगा।
10. पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान कर्मी द्वारा भी मतपत्र देने में नियमानुकूल सामाजिक दूरी का पालन किया जाएगा।
11. मतदान कार्य समाप्ति के पश्चात् मतदान कर्मी डिस्पोसेबल ग्लब्स/ मास्क एवं प्रयुक्त टिश्यु पेपर इत्यादि का सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप डिस्पोजल कराएँगे। जिला पदाधिकारी इसके लिए सिविल सर्जन के माध्यम से व्यवस्था कराएँगे।
12. मतदान केन्द्र पर उपर्युक्त के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का भी ध्यान रखा जाएगा।

——0——